# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर, पिन-844102)

ईमेल: deovaishali.edn@gmail.com, deo-vaishali@bihar.gov.in

प्रेषक, पत्रांक: 1570

जिला शिक्षा पदाधिकारी, दिनांक: 22/07/2026

वैशाली।

सेवा में,

मोहम्मद फैज रसूल,
तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक,
आशो कुँवर उच्च माध्यमिक विद्यालय भरथीपुर,
प्रखंड- पातेपुर, जिला- वैशाली।

विषय:- दो दिनों के अंदर विद्यालय का संपूर्ण प्रभार श्री अर्जुन पंडित को सौंपने के संबंध में।

प्रसंग:- एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (सहयोग पोर्टल) परिवाद पंजीकरण संख्या- आर०ई०एफ० 588963, दिनांक 16.07.2026।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि श्री कपिलेश्वर राय द्वारा सहयोग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है कि वित्तीय अनियमितता एवं गबन के आरोप में प्रधानाध्यापक पद से हटाए जाने के उपरांत भी आपके द्वारा विद्यालय का प्रभार नव-नामित प्रभारी प्रधानाध्यापक को नहीं सौंपा गया है। परिवादी का स्पष्ट आरोप है कि विभागीय आदेश निर्गत होने के दिन से ही आप विद्यालय से फरार चल रहे हैं तथा जानबूझकर प्रभार हस्तांतरण की प्रक्रिया को बाधित कर रहे हैं।

आपका यह कृत्य न केवल विभागीय आदेशों की घोर अवहेलना है, बल्कि सरकारी राशि के गबन के आरोपों को और अधिक पुष्ट करता है। प्रभार न सौंपना पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता का स्पष्ट परिचायक है, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है।

अतः आपको सख्त हिदायत के साथ निदेशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के 2 (दो) दिनों के अंदर आशो कुँवर उच्च माध्यमिक विद्यालय भरथीपुर, पातेपुर का संपूर्ण प्रभार (वित्तीय, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक) नव-नामित प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री अर्जुन पंडित को सौंपना सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि में प्रभार नहीं सौंपने की स्थिति में इसे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं साक्ष्यों को छुपाने का प्रयास मानते हुए आपके विरुद्ध प्राथमिकी (FIR) दर्ज कर कठोर विभागीय एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे।

विश्वासभाजन

22-7-26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

ज्ञापांक: 1570 दिनांक: 22/07/2026

प्रतिलिपि:- 1. श्री अर्जुन पंडित, नव-नामित प्रभारी प्रधानाध्यापक, आशो कुँवर उच्च माध्यमिक विद्यालय भरथीपुर, पातेपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पातेपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. श्री कपिलेश्वर राय (परिवादी) को सूचनार्थ प्रेषित।

22-7-26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।